# माँ कह एक कहानी



''माँ कह एक कहानी''

''बेटा समझ लिया क्या तूने
मुझ को अपनी नानी ?''

''कहती है मुझसे यह चेटी,
तू मेरी नानी की बेटी ।
कह माँ, कह लेटी ही लेटी
राजा था या रानी ?
माँ कह एक कहानी ।''

''तू है हठी मान धन मेरे,
सुन उपवन में बड़े सवेरे
तात भ्रमण करते थे तेरे
जहाँ सुरभि मनमानी ।''

''जहाँ सुरभि मनमानी ।
हाँ माँ यही कहानी ।''

''वर्ण-वर्ण के फूल खिले थे,
झलमल कर हिमबिंदु झिले थे,
हलके झोंके हिले-मिले थे,
लहराता था पानी ।''

''लहराता था पानी
हाँ, हाँ यही कहानी ।''

''गाते थे खग कल-कल स्वर से,
सहसा एक हंस ऊपर से
गिरा विद्ध होकर खर शर से,
हुई पक्ष की हानि ।

''हुई पक्ष की हानि ?
करुणा भरी कहानी ।''

''चौंक उन्होंने उसे उठाया
नया जन्म-सा उसने पाया ।
इतने में आखेटक आया
लक्ष्य सिद्धि का मानी ।''

''लक्ष्य सिद्धि का मानी
कोमल कठिन कहानी ।''

''माँगा उसने आहत पक्षी,
तेरे तात किंतु थे रक्षी ।
तब उसने था जो खग भक्षी
हठ करने की ठानी ।''

''हठ करने की ठानी
अब बढ़ चली कहानी ।''



''राहुल तू निर्णय कर इसका
न्याय पक्ष लेता है किसका ?
कह दे निर्भय जय हो जिसका
सुन लूँ तेरी बानी ।''

''माँ मेरी क्या बानी ?
मैं सुन रहा कहानी''

''कोई निरपराध को मारे,
तो क्यों अन्य न उसे उबारे,
रक्षक पर भक्षक को वारे,
न्याय दया का दानी ।''

''न्याय दया का दानी
तूने सुनी कहानी ।''

- मैथिलीशरण गुप्त



## इन शब्दों के अर्थ जानो-

| | |
|---|---|
| चेटी - दासी, | हठी - जिददी |
| पक्ष - पंख | आखेटक - शिकारी |
| हिम बिंदु - ओस की बूंदे | रक्षी - रक्षा करनेवाला |
| निर्णय - फैसला | बानी - वाणी |
| उबारे - उद्धार करनेवाला | |



### १. पढ़ो और सोचकर लिखो-

क) हंस को किसने मारा था ?

ख) हंस की रक्षा किसने की थी ?

ग) खगभक्षी कौन था ?

घ) ऊपर से हंस किस हालत में गिरा ?

ङ) राहुल ने क्या न्याय किया ?

च) रक्षक और भक्षक में क्या अंतर है ?

### २. नीचे दिए गए पदों के अर्थ लिखो-

क) वर्ण-वर्ण के फूल खिले थे,
झलमल कर हिमबिंदु झिले थे ।

ख) कोई निरपराध को मारे,
तो क्यों अन्य न उसे उबारे ।

## ३. नीचे लिखे वाक्यों को ध्यान से पढ़ो-

क) माँ कह एक कहानी

ख) तात भ्रमण करते थे तेरे

माँ का अर्थ है - माता, जननी आदि ।

तात का अर्थ है - पिता, जनक आदि ।

इन्हें पर्यायवाची शब्द कहा जाता है । अत: पर्यायवाची या समानार्थक शब्द वे हैं जिनका अर्थ समान हो । इसी प्रकार निम्न शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखो ।

बेटा, उपवन, कूल, खग ।

## ४. किसने किससे कहा-

क) हुई पक्ष की हानि

करुणा भरी कहानी ।

ख) माँ, कह एक कहानी ।

ग) तू है हठी, मान धन मेरे ।

## ५. कविता से आगे-

सत्य, धर्म, शांति, प्रेम, अहिंसा आदि मनुष्य के सद्‌गुण हैं । ऐसे कुछ अन्य सद्‌गुणों के नाम लिखो ।